वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

www.wagadsandesh.com

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-157 सागवाड़ा, बुधवार,9 फरवरी, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

एमसीएच अस्पताल की दीवारों पर पानी का सीपेज और गंदगी देखकर नाराज हुई कलेक्टर

अस्पताल प्रशासन को 2 दिन में व्यवस्थाये सुधारने की दी हिदायत

डूंगरपुर। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने आज मेडिकल कॉलेज के अधीन संचालित महिला एवं शिशु अस्पताल (MCH) का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी और दीवारों पर पानी की सीलन से बदरंग होती दीवारों को देख नाराजगी जताई। कलेक्टर शुभम चौधरी ने पीएमओ को अगले 2 दिन में सफाई के साथ खराब हो रही दीवारों को सुधरवाने के निर्देश दिए है। क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम (लक्ष्य) के तहत 12 फरवरी को केंद्रीय टीम की ओर से डूंगरपुर के एमसीएच हॉस्पिटल का निरीक्षण प्रस्तावित है । इधर एमसीएच के निरीक्षण से पहले आज डूंगरपुर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी अस्पताल पंहुची और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर चौधरी ने सबसे पहले एमसीएच के गायनिक लेबर रूम का निरीक्षण किया। उनके साथ मेडिकल कॉलेज अस्पताल अधीक्षक डॉ महेंद्र डामोर, पीएमओ डॉ कांतिलाल मेघवाल, गायनिक इंचार्ज डॉ मोनिका रोत, शिशु रोग इंचार्ज डॉ नीलेश गोठी मौजूद रहे। इस दौरान कलेक्टर ने लेबर रूम में डिलेवरी वाली महिला को मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर ने ड्यूटी पर तैनात नर्सिंगकर्मियों को भर्ती महिला मरीजों से अच्छे से बातचीत करने की नसीहत भी दी।

कलेक्टर शुभम चौधरी ने हॉस्पिटल ग्राउंड फ्लोर, सेकंड फ्लोर, ऑपरेशन थियेटर का भी निरीक्षण किया। सभी वार्डो में दीवारों पर पानी के सीपेज ओर बदरंग हो रही दीवारों और अस्पताल परिसर व वार्डो में गंदगी को देखकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। कलेक्टर ने इसकी वजह पूछी तो डॉक्टरों ने बताया कि टॉप पर एक नए वार्ड का निर्माण चल रहा है। इससे पानी आ रहा है और दीवारें खराब ही रही है। कलेक्टर ने वाइट सीमेंट से एक बार पानी की समस्या को रोकने के साथ बदरंग दीवारों पर नया कलर करने के निर्देश दिए। वहीं हॉस्पिटल में जगह-जगह गंदगी के हालत देखकर सफाई व्यवस्था में सुधार कर भी निर्देश दिए। शौचालय में ब्लॉकेज के समस्या को दूर करने के लिए भी पीएमओ को निर्देश दिए। जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए नगर परिषद का सहयोग लेकर 2 दिनों में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने की हिदायत दी है।

कोविड टीकाकरण में ब्लॉक की प्रगति कम होने पर जताई नाराजगी

सीमलवाड़ा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा कार्यालय सीमलवाडा में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय निष्पादन समिति की बैठक आयोजित की गई। उपखंड अधिकारी हनुमान राम चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंदिरा लट्ठा , मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मण कुमार डामोर, सहायक निदेशक हर्षित चौबीसा, एसीबीईओ धनपाल भाई एवं मनोज कलाल समेत मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम चौधरी ने विद्यालय में कोविड टीकाकरण, पेयजल सुविधा आदि के बारे में चर्चा की। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी इंदिरा लट्ठा ने स्टार कार्यक्रम शिक्षा के स्तर में सुधार के बारे में विचार प्रकट किए। सहायक निदेशक हर्षित चौबीसा ने शाला दर्पण रैकिंग के बारे में जानकारी दी। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मनोज कलाल ने समसा के अंतर्गत संचालित विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया एवं धनपाल भोई ने शाला दर्पण, एमडीएम कोंबो पैक आदि के बारे में चर्चा की। कोरोना संक्रमित ही होम आइसोलेट रहेगा, स्कूल बंद नहीं रहेगा सहायक अभियंता दिलीप भागड़िया ने स्कूलों में पानी की सुविधा को लेकर हैंडपंप की स्थिति, शौचालय समेत के बारे में जानकारी निर्धारित फॉर्मेट में उपलब्ध कराने की अपील की। चिकित्सा विभाग से भास्कर त्रिवेदी ने ब्लॉक की टीकाकरण को लेकर प्रगति रखी। सीमलवाड़ा ब्लॉक में स्कूलों में बच्चों को पहला डोज 81 प्रतिशत , दूसरा डोज 13 प्रतिशत, गलियाकोट में पहला डोज 86प्रतिशत , दूसरा डोज18 प्रतिशत , चिखली ब्लॉक में दूसरा डोज महज 9 प्रतिशत होने की जानकारी दी । कोरोना संक्रमित मरीज को एक माह बाद वैक्सीन लगे तो लाभदायक रहेगा। सीमलवाड़ा ब्लॉक क्षेत्र में कोविशिल्ड पहला डोज 79.80 , दूसरा 74.37 प्रतिशत हुआ।

खंड चिकित्साधिकारी के प्रति जताई नाराजगी - एसडीएम हनुमान राम चौधरी ने चिकित्सा विभाग की प्रगति रखने बीसीएमएचओ अमोल परमार बैठक में उपस्थित नहीं होने एवं मंगलवार को जिला कलेक्टर के दौरे को लेकर बार बार मोबाइल करने के बावजूद फ़ोन नहीं उठाने, जवाब नही को लेकर कड़ी नाराजगी जताई एवं बीसीएमएचओ की कार्यशैली पर अफसोस जताया। एसडीएम हनुमान राम चौधरी ने कहा कि कोविड टीकाकरण मामले में ब्लॉक पिछड़ रहा है ऐसे में सामूहिक प्रयास कर ब्लॉक की प्रगति को सम्मानजनक स्थिति तक ले जाने के निर्देश दिए।

सीबीआईओ लक्ष्मण कुमार डामोर ने कहा कि जिस स्कूल में विषय अध्यापकों की कमी है स्कूलों में आसपास क्षेत्र के स्कूलों से विशेषज्ञ की सेवाएं लेने एवं शैक्षणिक माहौल को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। बैठक में प्रवीण कुमार पाटीदार, रमेश रोत, इकबाल शेख , दिनेश सिंघवी, चेतना पंड्या, अरविंद सिंह चौहान सहित 30 प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

विधानसभा में गूंजा रीट की CBI जांच का मुद्दा

जयपुर। राजस्थान विधानसभा बजट सत्र की शुरूआत के साथ ही रीट परीक्षा में धांधली की सीबीआई जांच का मुद्दा विधानसभा सदन में गूंजा। बीजेपी और आरएलपी विधायकों ने सदन में यह मांग रखी। बीजेपी विधायकों ने जहां तख्तियां लहराईं। तो आरएलपी विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान वेल में आकर सीबीआई जांच की मांग रखी। काफी देर तक वेल में खड़े रहने और नारेबाजी करने के बाद आरएलपी के तीनों विधायक वापस अपनी जगह पर जाकर बैठ गए। इससे पहले बीजेपी विधायक धर्मेन्द्र मोची, गुरदीप सिंह और रामप्रताप कासनिया ने रीट मामले की सीबीआई जांच, प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली बंद करने और बेरोजगारों,किसानों के मुद्दों को लेकर स्लोगन लिखे बैनर का चोला पहनकर विधानसभा में एंट्री की। विधानसभा के बाहर मीडिया से रूबरू आरएलपी विधायक नारायण बेनीवाल कहा कि पार्टी के तीनों विधायकों ने राज्यपाल के अभिभाषण का पुरजोर विरोध किया है।

राजस्थान में बरसे मेघ

जयपुर। राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ के चलते फरवरी के दूसरे सप्ताह में कोई जिलों में बारिश हो रही है और बुधवार सवेरे तक आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर बारिश दर्ज की गई। प्रदेश की सबसे अधिक अलवर में 21 और डूंगरपुर व बीकानेर में 12 एमएम बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग की माने तो बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ का असर सबसे ज्यादा रहेगा और शाम तक कई जिलों में बारिश हो सकती है। हालाकि मौसम केन्द्र जयपुर हर तीन घंटे में बारिश के संभावित स्थानों की सूची जारी कर रहा है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि राजस्थान में रात के समय सर्दी फिर से जोर दिखाएगी और आगामी तीन दिन तक न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज होगी।मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक आर.एस. शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ का असर बुधवार शाम तक रहेगा और उसके बाद मौसम शुष्क होना शुरू हो जाएगा।

बेणेश्वर में माघ पूर्णिमा पर नहीं भरेगा मेला

भक्तो को देवालयों में दर्शनों की रहेगी छुट, एसपी सुधीर जोशी ने ली पुलिस अधिकारियों की बैठक, सुरक्षा में तैनात रहेंगे 600 पुलिसकर्मी

डूंगरपुर। जिले में कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस बार भी माघ पूर्णिमा पर बेणेश्वर में राष्ट्रीय बेणेश्वर मेला आयोजित नहीं होगा। बेणेश्वर धाम पर दुकानें ओर झूले भी नहीं लगेंगे। लेकिन धाम पर देवालयों में दर्शनों के लिए आने वाली भीड़ को देखते हुए एसपी सुधीर जोशी ने आज धाम पर पुलिस अधिकारियो की बैठक ली। वहीं धाम पर सुरक्षा के लिए 600 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए जायेंगे।

बेणेश्वर धाम पर मेला प्रशासन ने पहले ही निरस्त कर दिया है। प्रशासन ने मेला नहीं लगाने के निर्देश दिए गए है । लेकिन हजारों माव भक्तों के आस्था के केंद्र बेणेश्वर धाम पर देवालयों में दर्शनों के लिए भक्तो को छुट दी गई है। माघ पूर्णिमा 16 फरवरी को लाखों भक्तों की भीड़ आने की संभावना को देखते हुए प्रशासन तैयारियां कर रहा है। इसी को लेकर डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी आज बेणेश्वर धाम पर पहुंचे जहा पर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। वही इसके बाद जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने धाम पर पुलिस अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में एसपी जोशी ने बेणेश्वर धाम एरिया को देखते हुए वाहनों की पार्किंग व्यवस्था के निर्देश दिए। धाम पर स्थित शिव मंदिर, राधा-कृष्ण मंदिर, ब्रम्हाजी मंदिर, वाल्मीकि मंदिर पर आसानी से दर्शनों के लिए इंतजाम किए जा रहे है।

एसपी सुधीर जोशी ने कहा कि बेणेश्वर मेला नहीं भरेगा, लेकिन आस्था के कारण कई भक्त आ रहे है। इनकी सुरक्षा के लिए धाम पर 600 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है। डूंगरपुर समेत उदयपुर संभाग के सभी जिलों से पुलिस जाब्ते को बुलाया गया है। एसपी ने बताया कि बेनेश्वर धाम पर भीड़भाड़ नहीं हो इसके पूरे प्रयास किए जा रहे है। धाम पर दुकानें, झूले नहीं लगे है। इससे लोगों की भीड़ कम होगी। वहीं आने वाले लोगों को भी कोविड गाइड लाइन की पालना करवाने के प्रयास किए जा रहे है।

कडाणा बैक वाटर का पानी चौरासी क्षेत्र में लाने की स्वीकृति को बीटीपी द्वारा श्रेय लेने पर जताया अफसोस

पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने की प्रेस वार्ता

सीमलवाड़ा। पूर्व सांसद एवं हरियाणा पीआरओ ताराचंद भगोरा ने बुधवार को सीमलवाड़ा में प्रेस वार्ता कर मुख्यमंत्री बजट घोषणा अनुसार कडाणा बैकवॉटर का पानी चौरासी क्षेत्र में लाने की स्वीकृति जारी करने को लेकर भारतीय ट्राईबल पार्टी एवं भील प्रदेश युवा मोर्चा द्वारा चौरासी विधायक राजकुमार रोत एवं सागवाड़ा विधायक रामप्रसाद डिंडोर को श्रेय देने, आतिशबाजी कर खुशी का इजहार करने पर कड़े शब्दों में निंदा की है ।

पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि 26 दिसंबर 2019 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सीमलवाड़ा कस्बे में किसान सम्मेलन को संबोधित किया था, उस समय का पानी चौरासी क्षेत्र में पेयजल को लेकर सर्वे करने को लेकर बजट की घोषणा की थी, जिसके बाद सर्वे कार्य पूरा हुआ जिसमें 353 गांव में शुद्ध पेयजल को लेकर 885 करोड रुपए का बजट जारी की गई है। लेकिन इसका श्रेय चौरासी व सागवाड़ा विधायक को देने की होड़ मचा रहे। पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पूर्व भारतीय ट्राइबल पार्टी के लोग क्षेत्र में जातिवाद को हवा दे रहे थे, पांचवी व आठवीं पास को नौकरी दिलाने का प्रलोभन देकर जिले की 2 सीटों पर कब्जा किया। लेकिन उनके द्वारा किए वादे धूमिल साबित हुए जो कि क्षेत्र की जनता जान चुकी है। ऐसे में उनकी साख गिरती हुई देख मुख्यमंत्री द्वारा कडाना बैकवॉटर की स्वीकृति जारी करने का श्रेय लेने में जुट गए हैं एवं खोया वर्चस्व को वापस लाने की कवायद में जुट गए। पूर्व सांसद भगोरा ने भाजपा पर भी तंज कसा और कहा कि भाजपा की केंद्र सरकार सरकारी औद्योगिक इकाइयों को बेचकर निजीकरण कर रही है। देश में महंगाई बेकाबू हो गई है।

पूर्व सांसद भगोरा ने कहा कि क्षेत्र का विकास कांग्रेस की देन है। सीमलवाड़ा से मांडली सड़क नवीनीकरण को लेकर बजट स्वीकृत किया, कार्य प्रगति पर है। सीमलवाड़ा में बाईपास की मांग चल रही है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला महामंत्री मुस्ताक अहमद पठान , पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजमल कोठारी, ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश पाटीदार , पंचायत समिति सदस्य महिंद्र भगोरा, ब्लॉक संगठन मंत्री सुरेश भोई, उदयलाल बंजारा, शाहिद बंगा समित मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व आशा सहयोगिनी को राज्य कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

सीमलवाड़ा। राजस्थान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन एवं राजस्थान आशा सहयोगिनी एवं साथीन यूनियन सीटू के आह्वान पर बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी सीमलवाड़ा हनुमान राम चौधरी को ज्ञापन सौंपा ।

ज्ञापन में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा सहयोगिनी को कर्मचारी का दर्जा देने तथा कार्यकर्ता का न्यूनतम मानदेय 24 हजार रुपए प्रतिमाह करने , आशा सहयोगिनी ,सहायिका को 16 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय देने की मांग की गई। यूनियन ने राज्य व्यापी प्रदर्शन के संदर्भ को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री से मांग की गई कि सभी योजना, संविदा ठेका कार्मिकों को कर्मचारी का दर्जा देकर वेतनमान देने की मांग दोहराई । मांग पत्र में वर्ष 2018 के बाद आंगनबाड़ी कार्मिकों के मानदेय की किसी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाने पर आक्रोश व्यक्त किया तथा ज्ञापन में महंगाई से जोड़ते हुए मानदेय में वृद्धि करने करने, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा मोबाइल हैंडसेट व अन्य सुविधाएं नहीं दिए जाने के बावजूद कार्यकर्ताओं पर ऑनलाइन कार्य सौंपा गया है जिससे कार्यकर्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यूनियन ने बिना हैंडसेट दिए कार्य नहीं कराने ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को पाँच लाख व सहायिका को तीन लाख सेवानिवृत्ति लाभ दिए जाने, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता में से सुपरवाइजर के रूप में 50 प्रतिशत की पदोन्नति बिना शर्त करने,ड्रेस कोड यूनिफॉर्म के लिए वार्षिक 2 हजार रुपए की राशि का भुगतान करने , आईसीडीएस का निजीकरण नहीं करने, आईसीडीएस में किसी भी प्राइवेट संस्थान एनजीओ को कार्य करने ऐएमओयू को रद्द करने ,आशा सहयोगिनी को चिकित्सा विभाग या महिला बाल विकास विभाग में से किसी एक ही विभाग के अधीन रखने,आईसीडीएस की 6 सेवाओं तथा पांच उद्देश्य के अलावा कोई भी अन्य कार्य कार्यकर्ता से नहीं कराने, आंगनवाड़ी कर्मियों को ईएसआई एवं पीएफ के तहत कवर करने ,कार्यकर्ता व सहायिका को मेडिकल अवकाश की सुविधा देने, नई शिक्षा नीति 2020 के प्रतिगामी कदम की वजह से रद्द करने ,आंगनवाड़ी, आशा सहयोगिनी की विभागीय ट्रेनिंग व अन्य मीटिंग उन्हें टीए,डीए का भुगतान करने जैसे ज्वलंत मांगे उठाई गई। सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि तत्काल आंगनवाड़ी कर्मियों को बजट घोषणा में समस्याओं का समाधान किया जाए नहीं तो आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

इस अवसर पर हंसा खांट संयोजक राजस्थान आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन सीमलवाड़ा ,हंसा खांट, रेखा रोत,नीता चौहान, पार्वती ननोमा, सविता कटारा,मंजू पारगी, मिनाक्षी, संयोजक जशोदा परमार राजस्थान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन झोथरी,रमीला मोडिया शांति रोत, राजू, बंशीलाल खराडी सीटू नेता,गंगाराम आमलिया आदिवासी जनाधिकार एका मंच सीमलवाड़ा, नीता रोत,कन्या रोत,पुष्पा रोत,मंजुला रोत नेता उपस्थित थे ।

सीईओ अतुल प्रकाश ने सीमलवाड़ा क्षेत्र का किया दौरा मनरेगा कार्यो व श्यामा प्रसाद मुखर्जी योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

सीमलवाड़ा। डूंगरपुर जिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी अतुलप्रकाश बुधवार को सीमलवाड़ा क्षेत्र के दौरे पर रहे। उन्होंने गुजरात बॉर्डर पर स्थित ग्राम पंचायत सरथुना एवं भंडारी में मनरेगा कार्यों का सघन निरीक्षण किया। भंडारी में नवीन ग्राम पंचायत भवन निर्माण, सामुदायिक शौचालय निर्माण, आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया। मनरेगा कार्यस्थल पर टास्क से कार्य कराने, पूरा काम पूरा दाम के तहत कार्य कराने के निर्देश दिए।

जिसके बाद श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूबरू मिशन योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत घुवेड, भादर एवं बांसिया में विकास कार्यों का निरीक्षण किया। स्किल डेवलपमेंट सेंटर, ई लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लास व बस स्टैंड निर्माण समेत विकास कार्यों का निरीक्षण किया, निर्माण कार्यों में गुणवत्तायुक्त कार्य देख प्रसन्नता जाहिर की। निर्माण कार्य 31 मार्च तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। घुवेड सीनियर स्कूल में स्मार्ट क्लास में डिजिटल बोर्ड से शैक्षणिक कार्य को देखा, बच्चों से भी संवाद किया।

भादर में मनरेगा कार्य का निरीक्षण किया जहां पर श्रमिक बड़ी तल्लीनता के साथ कार्य करते देख खुशी जताई। इस मौके पर सीमलवाड़ा विकास अधिकारी मणिलाल मईडा, सहायक अभियंता ललित कुमार पंड्या, पर्यवेक्षक प्रवीण सिंह, तकनीकी सहायक नितिन व्यास, जय सिंह डामोर, पवन पाटीदार, विनोद कलाल, सरपंच मुकेश खांट, सूरज देवी डोडियार, अरविंद डामोर, पंचायत समिति सदस्य विमल प्रकाश डोडियार,समाजसेवी विनोद कटारा, ग्राम विकास अधिकारी जयप्रकाश पंड्या, भंवर लाल बंजारा, प्रकाश मीणा, हर्षवर्धन सिंह रातडिया, कमलेश भोई समेत मौजूद रहे।

कॉन्स्टीट्यूशन क्लब के निर्माण से संवैधानिक मूल्यों को मिलेगी मजबूती - मुख्यमंत्री

जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि कई फैसले ऐसे होते हैं, जो इतिहास में दर्ज होते हैं। जयपुर में कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के निर्माण से प्रदेश का नाम इतिहास में दर्ज होगा। विभिन्न राजनीतिक दलों के विधायक इस क्लब में बैठकर सार्थक चर्चा करेंगे।

इससे लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि विधायक आवास परियोजना भी हमारी सरकार की इच्छा शक्ति से मूर्तरूप ले रही है। गहलोत बुधवार को कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ राजस्थान के शिलान्यास एवं भूमि पूजन कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विधायक आवास परियोजना एवं कॉन्स्टीट्यूशन क्लब की कल्पना को साकार रूप देने में सहयोग के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी, नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल एवं नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया के साथ ही सभी विधायकों को साधुवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधायकों के आवास की समस्या काफी पुरानी थी।